## होटलों की शृंखला, उच्चस्तरीय रेस्तरां, प्राकृतिक सुरक्षा केंद्र की भी मिलेगी सुविधा

# अयोध्या में 150 एकड़ में विकसित होगी सुविधाओं वाली एयरोसिटी

**बदलती अयोध्या**

**अयोध्या,वरिष्ठ संवाददाता।** अब अयोध्या में जल्द ही एक विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त एयरोसिटी विकसित होने जा रही है। शासन से प्रस्ताव पर हरीझंडी मिलते ही जमीन देखने का काम शुरू हो गया है। बुधवार को मंडल के कमिश्नर गौरव दयाल ने सुल्तानपुर व रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास तीन जमीनें देखीं। जल्द ही कुछ और जमीनों के निरीक्षण के बाद उनमें से एक को फाइनल करके डीपीआर बनवाकर शासन को भेज दिया जाएगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण इस एयरोसिटी को विकसित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

दुनिया भर से आने वाले सनातनियों के लिए इसमें प्राकृतिक चिकित्सा केंद्रों की स्थापना का प्रस्ताव है। अयोध्या विकास प्राधिकरण इस पर काम रहा है। 150 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले इस एयरोसिटी में प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के लिए जमीनें आरक्षित की जाएंगी। आने वाले सनातन धर्मावलंबी यहां विश्वस्तरीय प्राकृतिक चिकित्सा से लाभान्वित हो शासन की इस मंशा के अनुरूप काम किया जा रहा है।



सुल्तानपुर राजमार्ग पर एयरोसिटी के लिए जमीन का निरीक्षण करते कमिश्नर।

### पर्यटकों के लिए होटलों की शृंखला : कमिश्नर

कमिश्नर गौरव दयाल ने बताया कि नए मंदिर में दर्शन शुरू होने के बाद अचानक से अयोध्या में बड़ी संख्या में होटलों आदि की जरूरत पड़ेगी। इस एयरोसिटी में होटलों की शृंखला रहेगी। होटलों के लिए अलग से जमीनें आरक्षित की जाएंगी। विश्वस्तरीय शहर के रूप में विकसित करने की वजह से लोग डेस्टीनेशन वेडिंग की चाहत भी अयोध्या के लिए रखते हैं।

### विश्वस्तरीय संरचना का विकास हो रहा:जितिन

अयोध्या। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि अयोध्या में विश्व स्तरीय संरचना विकास हो रह है। लगातार इस पर काम हो रहा है। कहा 15 दिन के अंदर रामनगरी अयोध्या खिल कर सामने आएगी। बुधवार को जितिन प्रसाद ने अयोध्या के विकास कार्यो की समीक्षा की। सर्किट हाउस में हुई बैठक में विभाग से जुड़ी कई योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने अपने विभागीय अफसरों से सभी कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि 22 जनवरी को भगवान राम लला के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा।